कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, छठा तल, जवाहर भवन, लखनऊ

संख्याः एम0ई0–3 / 2017 / 240 लखनऊःदिनांकः 05 मई 2017

नीट यू0पी0 2016 तथा सी0पी0ए0टी0 2016 की काउंसिलिंग में छात्रों द्वारा जमा की गई सिक्योरिटी धनराशि वापस किये जाने हेतु आवेदन की समयावधि बढाये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

नीट यू0पी0 2016 तथा सी0पी0ए0टी0 2016 की काउंसिलिंग में छात्रों द्वारा काउंसिलिंग के समय जमा की गई सिक्योरिटी धनराशि उनके बैंक खातों में आनलाईन प्रकिया के माध्यम से वापस किये जाने हेतु वेबसाईट www.upneet.in पर उपलब्ध लिंक student login पर दिनांक 20 जनवरी 2017 से दिनांक 31 जनवरी 2017 तक प्राप्त किये जाने की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे छात्रहित में दिनांक 14 फरवरी 2017 तक विस्तारित कर दिया गया था।

कार्यालय के संज्ञान में आया है कि कतिपय छात्रों द्वारा अभी भी उक्त आवेदन प्रकिया पूर्ण नहीं की गई है। अतः छात्रहित में वेबसाईट www.upneet.in पर उक्त ऑनलाईन आवेदन की प्रकिया पुनः दिनांक 06 मई 2017 से 16 मई 2017 तक उपलब्ध कराई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में ऑनलाइन प्रकिया के माध्यम से बैंक विवरण उपलब्ध कराने वाले अभ्यर्थियों में से 2928 छात्रों की सूची इस कार्यालय द्वारा बैंक को प्रेषित भी की जा चुकी है, शेष छात्रों की सिक्योरिटी धनराशि रिफण्ड की कार्यवाही प्रचलित है, जिसे यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा।

उक्त प्रकिया में किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में ई–मेल upneetcounseling@gmail.com पर सूचित करें।

(वी0एन0त्रिपाठी)
महानिदेशक